बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-104
08/03/2020

मुंगेर की श्रीमती बीना देवी एवं भारतीय वायुसेना की प्रथम महिला फाइटर पायलट दरभंगा की भावना कंठ को 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित किये जाने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई एवं शुभकामनायें

पटना, 08 मार्च 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मशरूम महिला के रुप में प्रसिद्ध मुंगेर की श्रीमती बीना देवी एवं भारतीय वायुसेना की प्रथम महिला फाइटर पायलट दरभंगा की भावना कंठ को 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित किये जाने पर बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं। श्रीमती बीना देवी एवं भावना कंठ को आज नई दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द द्वारा 'नारी शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि श्रीमती बीना देवी अपने पंचायत में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जानी जाती हैं। वे लगातार मशरुम की खेती के लिए महिलाओं को प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने सैंकड़ों महिलाओं को अत्मनिर्भर बनाया है। वे धौरी पंचायत की सरपंच भी रह चुकी हैं। उन्होंने देश भर में बिहार का नाम रौशन किया है। वहीं भारतीय वायुसेना की फाइटर पायलट भावना कंठ ने पूरे देश में बिहार का नाम रौशन किया है। वे भारतीय वायुसेना की पहली महिला कॉम्बैट फाइटर पायलट हैं, जिन्हें जून 2016 में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू दस्ते में शामिल किया गया था। बिहार को इन दोनों की उपलब्धियों पर गर्व है।

******